एल्बेंडाज़ोल

चर्चा में क्यों?

22 अप्रैल, 2022 को बिहार के मुंगेर में शाह जुबैर मध्य विद्यालय घोरघट में एल्बेंडाज़ोल दवा खिलाने से 50 से अधिक बच्चे बीमार पड़ गए।

प्रमुख बिंदु

- एल्बेंडाज़ोल कृमि मुक्ति का एक साक्ष्य-आधारित, विश्व स्तर पर स्वीकृत, प्रभावी समाधान है, जिसका उपयोग सभी बच्चों में कृमि संक्रमण को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।
- इसी संदर्भ में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2015 में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस (National Deworming Days) शुरू किया गया, जो प्रति वर्ष 10 फरवरी और 10 अगस्त को मनाया जाता है।
- इसका उद्देश्य 1-19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों में आँतों के कीड़े, जिन्हें मिट्टी-संचारित हेल्मिंथ्स (एसटीएच) के रूप में भी जाना जाता है, का उन्मूलन करना है।
- गौरतलब है कि आँतों के कीड़े परजीवी रूप में मानव आँतों में रहते हैं और पोषक तत्त्वों और विटामिन का उपभोग कर बच्चों को कुपोषित बनाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/albendazole